UPPTCL

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 31–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2020–20/2009 दिनांकः 7 फरवरी, 2020

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I/II),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/झाँसी/इलाहाबाद/गोरखपुर/लखनऊ।

विषयः विद्युत कार्यालय सहायक संघ, उ0प्र0 के वार्षिक महाधिवेशन/केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सम्मिलित होने हेतु लिपिक संवर्ग के कार्यकारी सहायकों (कार्यकारी सहायक, वरिष्ठ कार्यकारी सहायक, सहायक कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) को विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि विद्युत कार्यालय सहायक संघ, उ0प्र0 के प्रान्तीय अध्यक्ष, ने यह सूचित किया है कि उनके संगठन के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक, संगठन के कार्यालय में दिनांक 14.02.2020 एवं वार्षिक महाधिवेशन, गन्ना संस्थान श्रोतृशाला, डालीबाग, लखनऊ में दिनांक 15.02.2020, शनिवार में आयोजित होगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि संगठन के उपरोक्त कार्यक्रम में उक्त अवधि में सहभागिता करने वाले कार्यकारी सहायक संवर्ग (कार्यकारी सहायक, वरिष्ठ कार्यकारी सहायक, सहायक कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) के कर्मचारियों हेतु "विशेष आकस्मिक अवकाश" प्रदान किया जाए।

संगठन के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश सं0–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कार्य की आवश्यकता/आकस्मिकता को ध्यान में रखते हुए जिसके लिए अवकाश प्रदान करने वाले सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी एक मात्र निर्णायक होंगे, उक्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होने हेतु साधारण सदस्यों को मात्र दिनांक 15.02.2020 एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को दिनांक 14.02.2020 एवं 15.02.2020 दो दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जाए।

संगठन के सदस्यों को "विशेष आकस्मिक अवकाश" स्वीकृत करने में नियंत्रक अधिकारी द्वारा पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप सं0–5820(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रक्रिया का निष्ठापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(हरिश्चन्द्र वर्मा)
उप सचिव (पारेषण)

संख्याः 31 (i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
5. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रान्तीय अध्यक्ष, विद्युत कार्यालय सहायक संघ, उ0प्र0 को उनके पत्र सं0–132/वि0का0स0/महाधिवेशन/19–20, दिनांक 18.12.19 के संदर्भ में।

H.Chandra
(हरिश्चन्द्र वर्मा)
उप सचिव (पारेषण)